तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 सतर्कता जागरुकता सप्ताह पर विविध आयोजन




## चार दिवसीय छठ महापर्व का विधि-विधान से समापन, चरचा कॉलरी के छठ घाट पर उमड़ा जनसैलाब

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ परिवार की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर समेत जिलेभर में मंगलवार को विभिन्न छठ घाटों पर छठ महापर्व की अद्भुत छठा बिखरी हुई नजर आई। लोक आस्था के इस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब विभिन्न छठ घाटों में उमड़ा रहा, जहां व्रतियों ने उदयगामी सूर्य को जल के बीच खड़े होकर अर्घ्य दिया। व्रतियों ने पूरी श्रद्धाभाव के साथ पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और छठी मैया से अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नत भी मांगी।

इस दौरान छठी मईया के गीत गुंजते रहे, जिससे कि पूरा वातावरण भक्तिमय में डुबा रहा। अंतिम दिन श्रद्धालुओं के द्वारा भोर में सूप दौरा में पूजन सामग्री सजाकर छठ घाट के लिए परिवार के सदस्यों के साथ निकले, जहां घाट पहुंच कर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और व्रती महिलाओं ने अपने परिवार के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शहर के स्थानीय राम मंदिर तालाब, गढ़ेलपारा, खुटहनपारा, रामपुर, सागरपुर, रमदईयाधाम छठ घाट समेत अन्य जगहों के छठ घाटों में अलसुबह ही लोगों का तांता लगा रहा। इसके अलावा नगर पालिका शिवपुर चरचा के छठ घाट पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। यहां नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी।

श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी करते हुए छठ घाट पहुंचे और पूजा-अर्चना करते हुए छठ महापर्व का समापन किया। छठ पर्व के लिए नपा सहित सामाजिक संगठनों द्वारा जिले के राम मंदिर समेत अन्य छठ घाटों पर व्यापक इंतेजामात किए गए। इस दौरान व्रतियों ने मिट्टी की वेदी बनाकर दीप प्रज्जवलित किए और विधि-विधान से भगवान भास्कर के दर्शन देते ही व्रतियों ने उन्हें जल एवं दूध से अर्घ्य दिया। छठ को लेकर मान्यता है कि छठ पर सूर्यदेव और उनकी बहन छठी मैया की उपासना की जाती है। छठ का व्रत काफी कठिन माना जाता है। 36 घंटे निर्जला व्रत रखने के बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूर्ण हो जाता है। ये व्रत परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी आयु के लिए रखा जाता है। ⏭ शेष पेज 4 पर





### घाट में उमड़ी रही भीड़

मंगलवार की सुबह 4-5 बजे से छठ घाट में भीड़ उमड़ी रही। व्रती जल में खड़े रहकर सूर्योदय का इंतजार किया। अर्घ्य देने के बाद प्रसाद का वितरण किया। भीड़ को लेकर नगर के सभी छठ घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई थी, इसके साथ ही पुलिस अमला भी तैनात रहा। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत तोड़ा गया।



### सूर्य को आभार का पर्व है छठ

प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में छठ व्रत मनाया जाता है। इसी माह किसानों के घर में नए उपजाएं अन्न की आवक होती है। भगवान भास्कर के असीम अनुकंपा से फसलों की पैदावार होने के कारण किसान सर्वप्रथम अन्न का हिस्सा सूर्य को अर्पित कर उनका आभार प्रकट कर कृतज्ञता जाहिर करते हैं।

### पुत्र के विजय श्री का व्रत है छठ

आध्यात्मिक पौराणिक ग्रंथों के जानकारों ने बताया कि छठ को लेकर कई कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार दैत्य ताड़कासुर ने पार्वती के पुत्र कार्तिकेय के वध करने का प्रण किया था। तब पार्वती ने अपने पुत्र की रक्षा का भार मां गंगा को दे दिया। गंगा ने कार्तिकेय को सरकंडा के वन में छिपा दिया। उस वन में छह देव कन्याएं निवास करती थीं। उन्होंने मिलकर बालक कार्तिकेय का पालन-पोषण किया। उन्हीं छह माताओं को छठी मईया के रूप में पूजन करने का विधान शुरू हुआ। तब असुरों के नाश के लिए सभी देवताओं ने शंकर-पार्वती के पुत्र कार्तिकेय को अपना सेनापति चुना। माता पार्वती ने अपने पुत्र के विजय श्री की कामना के लिए अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर निर्जला व्रत रखा। कार्तिकेय के विजयी होकर वापस आने पर माता पार्वती ने सूर्य को जल व दूध से अर्घ्य देकर अपना व्रत तोड़ा था, तभी से उगते सूर्य को दूध से अर्घ्य देने की परंपरा की शुरुआत हुई।

### दीप जलाने की है मान्यता

सूर्योपासना का महा पर्व छठ पर कोषी कोष भराने व दीप जलाने की पौराणिक परंपरा है, इसके तहत गन्ने के मंडप बना कर उसमे मिट्टी से बने विशेष आकृति के कोष में अन्न भरा जाता है। कोष के किनारे लगे दीप में घी डालकर दीया जलाया जाता है। वहीं छठ घाटों पर पानी में मिट्टी के दीए जलाए जाने की भी मान्यता है।

## महापर्व का उल्लास : स्वास्थ्य मंत्री ने की पूजन-अर्चना



**मनेन्द्रगढ़।** लोक आस्था के प्रतीक छठ महापर्व का रंग-रूप सोमवार की संध्या को जिलेभर के घाटों पर चरम पर दिखा। एमसीबी जिले के विभिन्न छठ घाटों पर संध्या अर्घ्य के लिए श्रद्धालुगण प्रभु सूर्य एवं छठी मइया की आराधना के लिए बड़े उत्साह और पारंपरिक वस्त्रों में पहुंचे। इसी क्रम में जिले में आयोजित मुख्य संध्या पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाते हुए श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने हाथों से अर्घ्य अर्पित कर छठी मइया का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने परंपरा अनुसार व्रतियों द्वारा निर्मित ठेकुआ, प्रसाद एवं पूजन सामग्री को पूजा स्थल पर समर्पित किया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा हमारे समाज में शुचिता, आस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिकता का एक अद्वितीय उदाहरण है। सूर्योपासना का यह पर्व जीवन में ऊर्जा, प्रकाश, अनुशासन और धैर्य का संदेश देता है। संध्या पूजन के दौरान घाटों पर महिलाएं व्रत-परायण होकर पारंपरिक गीत गाती रहीं। स्थानीय प्रशासन एवं नगरीय निकायों ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, और चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर समेत जनप्रतिनिधियों ने भी साधारण वस्त्र धारण कर व्रतियों के साथ पूजा-पाठ में भाग लिया।

## पोखरी तालाब छठघाट पर उमड़ी भीड़



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के पोखरी तालाब छठ घाट में मंगलवार को उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन हुआ। कोरिया कॉलरी के शर्मा परिवार एवं कोरिया कॉलरी के छठ व्रतियों ने लोक आस्था के महापर्व छठ पर पोखरी छठ घाट में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर उगते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पारण किया। पोखरी छठ घाट पर श्रद्धालु सिर पर दउरा एवं कंधों ईख लिए छठ घाट पहुंचे और पूजा-अर्चना कर अर्पित की वही छठ व्रती महिलाओं ने छठ घाट पहुंचकर कमर भर पानी में खड़े होकर सूप में फल, ईख, नारियल, कसार, सेव, संतरा, सिंघाड़ा, अदरक सजाकर भगवान सूर्य बाबा को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की इस दौरान ठेकुआ और फलों से सजे प्रसाद के कसार को छठी मईया को अर्पित कर मंगल कामना किया गया। छठ महापर्व को लेकर कोरिया कॉलरी में छठ पूजा भोजपुरी गीत कांच ही बास के बहंगिया बहंगी लचकत जाए की बहार थी छठ घाट सहित नगर के सभी चौक-चौराहा में गीत और घाटो पर ढोल नगाड़ों भजन-कीर्तन और छठ गीतों से पूरा इलाका गूंज रहा था, वहीं कोरिया कॉलरी पोखरी छठ घाट पर रंग-बिरंगी झालरो से सजाया गया था, वहीं टेंट, बिजली, सफाई, वह रंग रौनक की पूरी तैयारी थी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने छठ घाट में सुरक्षा के मद्देनजर कर्मियों को तैनात कर रखा था । आसपास वाहनों को आने-जाने सहित व्यवस्था बनाने में जुटे रहे छठ घाटो पर चाय, पोहा, जलेबी वितरण किया गया, वहीं जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, वतियों की सेवा करने के लिए घाट पर नजर आए।

## खबर संक्षेप

### सोनहत में मंगलवार को झमाझम बारिश



**सोनहत।** जिले के सोनहत क्षेत्र में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम वर्षा से मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के चलते गलियों और सड़कों पर पानी भर गया। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के बाद बच्चों ने सड़कों और गलियों में मस्ती करते हुए मौसम का लुत्फ उठाया। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में आसमान में बादल छाए रहने और हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है।

### 10 वर्षीय बच्ची के गले में फंसा सिक्का



**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल में पदस्थ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र चौहान ने मंगलवार को एक बच्ची के गले में अटके सिक्के को सफलता पूर्वक निकाले। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व ही एक ऐसी घटना जिला अस्पताल में सामने आई थी, ऐसे मामलों से बचने के लिए अभिभावकों को बेहद ध्यान देने की जरुरत है। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर निवासी 10 वर्षीय परी नामक बच्ची ने खेलते समय गलती से सिक्का निगल लिया, जिसे तत्काल सहायता के लिए डॉक्टर को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. चौहान ने गले से सिक्का सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। इस दौरान आरूष तिवारी, उदय प्रताप सिंह आदि सक्रिय रहे।

### सरकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा

**अनूपपुर।** कोतमा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटकोना में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक आशीष महरा पर सरकारी योजनाओं की राशि में लाखों रूपए के गबन का गंभीर आरोप लगाया गया है। ग्राम के ही निवासी मंतलाल महरा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक ने बिना कार्य कराए ही फर्जी मास्टर रोल तैयार कर राशि आहरित की। कई योजनाओं में ना तो कोई स्थल निरीक्षण हुआ, ना मूल्यांकन, फिर भी सरकारी राशि का भुगतान दिखाया गया।


### भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती मनाई गई



**बैकुण्ठपुर।** कलचुरी समाज के स्वजातीय बंधुओं द्वारा भगवान सहस्त्रार्जुन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने श्रद्धाभाव से भगवान सहस्त्रार्जुन जी की पूजा-अर्चना, भजन और आरती कर जयंती उत्सव को सफल बनाया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक प्रकाश जायसवाल, अध्यक्ष प्रहलाद जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने समाज में एकता, सहयोग एवं संस्कृति संरक्षण का संदेश दिया।

## शहर के टीव्हीएस शोरूम में चोरी, डीवीआर-नकदी पार





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के कॉलेज रोड स्थित अग्रवाल मोटर्स टीव्हीएस शोरूम में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शोरूम संचालक सुदीप अग्रवाल निवासी कचहरीपारा बैकुंठपुर ने बताया कि वे प्रतिदिन की भांति शनिवार की रात करीब 8:15 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे।

रविवार की सुबह करीब 9:45 बजे जब शोरूम का कर्मचारी विकास ठाकुर दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि वर्कशॉप के पीछे का दरवाजा नीचे से टूटा हुआ है तथा पाट्‌र्स रूम का ताला भी टूटा हुआ पड़ा है। इस पर उसने तत्काल मालिक को मोबाइल से फोटो भेजकर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही संचालक के छोटे भाई रितेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों की मौजूदगी में देखा गया कि कैबिन (एमडी टेबल) के पास सामान बिखरा पड़ा था। जांच के दौरान गल्ले से 10,000 नगद, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण गायब मिले, जिनकी कुल कीमत करीब 32,000 ऑकी गई है। घटना की जानकारी तत्काल थाना बैकुंठपुर पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।

### जेल के बाहर आरोपी ने बैठकर की फोन पर बात

**अम्बिकापुर।** एएसआई के घर में घुसकर मारपीट करने वाले जिला बदर के आरोपी को जेल के बाहर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में एसपी ने कार्रवाई की है। जेल के बाहर कैदी को मोबाइल फोन पर बात करने की अनुमति देने वाले दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित आ. अशोक कुमार तिवारी उर्फ बाबा पंडित ने दीपावली की रात एएसआई राकेश मिश्रा के घर में घुसकर वाहनों में तोड़फोड़ और मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने अंश पंडित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया था लेकिन जब कैदी को जेल दाखिल कराया जा रहा था तो वह केन्द्रीय जेल परिसर में मुख्य गेट पर बैठकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और इस घटना का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई। जानकारी के अनुसार आरोपी जिला बदर है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रबंधन की ओर से भी बयान सामने आया था। जेल अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले की जांच और कार्रवाई की बात कही थी। जेल परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित है इसके बाद भी पुलिस की मौजूदगी में आरोपी मोबाइल पर बात कर रहा था।

## अवैध रेत परिवहन: 3 वाहन जब्त, जारी रहेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया है।

यह कार्रवाई तहसील पटना क्षेत्र में की गई। गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से गौण खनिज रेत का परिवहन करते पाया गया, जिसके बाद उन्हें मौके पर ही जब्त कर समीपस्थ पटना थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए वाहनों की जानकारी सीजी 16 सीएन 5852 मिनी ट्रक वाहन मालिक जगदीश साहू, सीजी 12 ए एन 8294 मिनी ट्रक वाहन मालिक अमरदीप, महिंद्रा सोल्ड सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े ट्रैक्टर वाहन इन वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर के निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है।

खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं कार्रवाई की जाएगी।

## राज्योत्सव की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने ली बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य के गौरवशाली 25 वें स्थापना दिवस को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां एमसीबी जिले में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी 2, 3 और 4 नवंबर को प्रस्तावित तीन दिवसीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के ग्राउंड में किया जाएगा। इस वर्ष का राज्योत्सव रजत जयंती थीम पर आधारित होगा, जिसमें स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्तुतियां गरिमामय हों तथा अश्लील एवं फिल्मों गीतों पर आधारित कोई कार्यक्रम को शामिल न किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संपूर्ण प्रबंधन सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के मार्गदर्शन में किया जाएगा। साथ ही आयोजन स्थल पर सरस मेला, रॉ पेंटिंग प्रदर्शनी और महिला स्व-सहायता समूहों के स्टॉल भी जनता के विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे, इसके साथ ही रेस्ट हाउस नई लेदरी में तीन कमरे को आरक्षित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी विभाग अपने-अपने 25 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले आकर्षक स्टॉल तैयार करें। वहीं पुलिस विभाग के द्वारा पिछले वर्ष के भाती इस वर्ष शस्त्र प्रदर्शनी स्टॉल लगाएंगे या नहीं लगाएंगे उसकी जानकारी देने के लिए कहा गया है।

### सर्व निरोगी काया निःशुल्क प्रशिक्षण 1 से

**मनेन्द्रगढ़।** सर्व कल्याण एवं सर्व निरोगी काया की भावना के तहत पतंजलि योग सेवा समिति एमसीबी जिला इकाई द्वारा योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय द्वारा 1 नवंबर से 3 दिवसीय निःशुल्क विशेष योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में अवसाद घुटने के दर्द , अस्थमा एवं हड्डी के रोग में लाभ पहुंचाने वाले योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरस्वती शिशु मंदिर के योग प्रांगण में प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होने वाले इस योग शिविर में पंजीयन के लिए वार्ड नंबर 10 अग्रवाल लाज के पास योग परामर्श केन्द्र में संपर्क किया जा सकता है।

### 4 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

## मांगे पूर्ण नहीं होने पर धान खरीदी का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर (पंजीयन क्रमांक 6685) एवं छग समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ रायपुर (पंजीयन क्रमांक 122202149760) ने संयुक्त रूप से चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि उनकी चार सूत्रीय लंबित मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो आगामी धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा और अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

दोनों संगठनों ने कहा कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियां राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को मूर्तरूप देने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान इन समितियों के 2739 उपार्जन केन्द्रों से समानुपात में धान का परिवहन नहीं हो पाता, जिसके कारण मार्कफेड रायपुर द्वारा सुखद राशि, प्रासंगिक व्यय, सुरक्षा व्यय एवं कमीशन की राशि काटकर भुगतान किया जाता है। वहीं मिलर्स द्वारा समय पर धान नहीं उठाने की पेनाल्टी राशि भी विभाग स्वयं रख लेता है। बकर्मचारियों ने बताया कि इस व्यवस्था से समितियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे सहकार से समृद्धि का सपना अधूरा रह गया है।



ज्ञापन सौंपते कर्मी

पिछले वर्ष नवंबर 2024 में आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर कोर कमेटी के साथ बैठक हुई थी, इसके बाद अपर मुख्य सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं संरक्षण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन रायपुर द्वारा 12 दिसंबर 2024 को पत्र क्रमांक 4-9/224/29-1 जारी कर यह कहा गया था कि यदि माह समाप्ति के बाद भी खरीदी केन्द्र में धान शेष रहता है तो उसके उठाव के लिए सुखद राशि समितियों को प्रदान की जाएगी, परंतु अब तक उक्त प्रस्ताव पर कोई अमल नहीं हुआ है।

## स्कूलों की संख्या 386 से बढ़कर 606

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। कोरिया में भी स्कूली अधोसंरचना, सुविधाओं और परिणामों में अद्भुत वृद्धि हुई है। साल 2000 में जिले में प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 281 थी, जो बढ़कर 387 हो गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 76 से बढ़कर 167 और हायर सेकेंडरी विद्यालयों की संख्या 22 से बढ़कर 37 हो गई है। इसी अवधि में विद्यालयों में छात्रों की दर्ज संख्या 21 हजार 51 से बढ़कर 37 हजार 172 तक पहुंच गई है।

इस ऑकड़े से पता चलता है कि शिक्षा के प्रति आमजन की जागरूकता और पहुंच दोनों में वृद्धि हुई है। सन 2000 में हाईस्कूल 10 वीं परीक्षा परिणाम 46.31 प्रतिशत था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 92.26 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी 12 वीं परिणाम 67.15 प्रतिशत से बढ़कर 94.26 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ने की पुष्टि करता है। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत वर्ष 2000 में 9,124 विद्यार्थियों को निःशुल्क भोजन मिलता था, जबकि 2025 में यह बढ़कर 25,516 विद्यार्थियों तक पहुंच गया है। कक्षा 1 से 10 तक लगभग 2 लाख 20 हजार छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा कक्षा 1 से 8 तक 48,892 विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा कक्षा 9 वीं की एक हजार से अधिक छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई गई है, जिससे बेटियों की शिक्षा में बाधाएं कम हुई हैं। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवोदय विद्यालय और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थान वर्ष 2000 के बाद स्थापित किए गए, जिनसे जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दायरा और मजबूत हुआ है। विष्णु देव साय सरकार की विकासपरक योजनाओं और जन-भागीदारी के फलस्वरूप कोरिया जिले के दुर्गम अंचलों में शिक्षा की रोशनी तेजी से पहुंचने लगी है।

## खबर संक्षेप

### राइस मिल में धान की बोरियों में दबकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित शिवनन्दनपुर मुख्य मार्ग निवासी व्यवसाई अशोक जिंदल के राइस मिल में रविवार को एक दर्दनाक हादसा में मजदूरी कर रहे 41 वर्षीय महेश पिता मुंशी राम की मौत हो गई है। हर रोज की तरह महेश राइस मिल में मजदूरी का काम कर रहा था, लेकिन एक पल की मामूली चूक ने उसकी जिंदगी छीन ली,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत धरतीपारा निवासी 41 वर्षीय महेश ग्राम लक्ष्मणपुर में राइस मिल में काम करता था। रविवार की दोपहर वह ट्रक से धान की बोरियां उतार रहा था। इस दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0145 का चालक बिना संकेत दिए अचानक वाहन को पीछे रिवर्स करने लगा। ट्रक की हल्की टक्कर से महेश का संतुलन बिगड़ा और वह वहीं पर गिर गया। तभी ट्रक पर लदी कई भारी बोरियां उसके ऊपर गिर गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिल में मौजूद अन्य मजदूरों ने साथी मजदूर को किसी तरह बोरियों के नीचे से बाहर निकाला। गंभीर अवस्था में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने शाम को उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा एवं पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, पिता घायल

**अम्बिकापुर।** सीतापुर मंगारी के समीप स्कूटी सवार पिता पुत्री को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई युवती की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायर राई निवासी राजमोनिया टोप्पो आ.ख्रीस्तोफर टोप्पो (20 वर्ष) 2 अक्टूबर को पिता के साथ मौसा मौसी से मिलने मैनपाट स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 8775 से गए थे। इसी बीच शाम 4.30 बजे अज्ञात लोगों ने फोन कर बताया कि सीतापुर मंगारी के समीप राजमोनिया का अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा दोनों गंभीर रूप से घायल पड़े थे। परिजन तत्काल बतौली शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पिता पुत्री का प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ दिनों तक उपचार कराने के पश्चात पैसा कम पड़ने पर छुट्टी कराकर घर लेकर चले। इसी बीच 14 अक्टूबर को राजमोनिया की तबीयत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक की टक्कर से कंपाउंडर की मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से सोनगरा जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए कंपाउंडर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पाठकपुर निवासी सेतो राम आ. स्व. भीम (50 वर्ष) पशु विभाग में कंपाउंडर के पद पर सोनगरा में पदस्थ था। 25 अक्टूबर को ड्यूटी करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 5537 से सोनगरा गए थे। इसी बीच निजी काम से शहर आए और काम निपटाने के पश्चात वापस सोनगरा जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार उतकलपारा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### फार्म हाउस में घुसकर नकाबपोशों ने किया युवक पर हमला

**बलरामपुर।** चोरी की नियत से घुसे दो नकाबपोशों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 25 अक्टूबर की रात ग्राम पिंडरा निवासी प्रहलाद दीक्षित के फार्म हाउस वाले घर में अज्ञात लोगों ने घुसकर भतीजे अभय दीक्षित पर प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही प्रहलाद दीक्षित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी भापेंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी की जांच में यह बात सामने आई कि दो नकाब पाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के दौरान पुलिस ने नवडीह खुर्द निवासी 23 वर्षीय मनीष कुमार आ. रामधारी सिंह व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की नियत से फार्म हाउस में घुसने और अभय दीक्षित पर लोहे के सब्बल से प्राणघातक हमला करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131(4), 131(6), 131(8), 109, 3(5) के तहत कार्रवाई की है।

## भातुपारा बाईपास रोड से गुजरने वाली छात्राओं, महिलाओं को होती है भारी परेशानी

# अहाता लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर मुख्य मार्ग से सटकर कराई जा रही शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बातें**
- सूरजपुर आबकारी विभाग की शह पर अहाता संचालन
- आबकारी नीति के गाइडलाइन निर्देशों की सरेआम हो रही अवहेलना

राजस्व वसूली की जद्दोजहद में सूरजपुर आबकारी विभाग अहाता संचालन के लिए शासन द्वारा जारी किये गये मापदण्ड एवं आबकारी नीति के निर्देशों व नियमों की सरेआम धज्जियाँ उड़ाने में तुली हुई है, छतीसगढ़ आबकारी आयुक्त द्वारा जिन गाइडलाइन मापदण्डों का पालन करने का निर्देश जारी किया गया है। इनमें से अधिकतर गाइडलाइन में दर्ज कण्डीकाओं का उल्लंघन किया जा रहा है।

दरअसल नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के बंचरपारा- भातुपारा बाई पास सड़क में स्थित शासकीय कम्पोजिट मदिरा दूकान हेतु ऑनलाइन निविदा पद्धति से अंबिकापुर निवासी श्रीमती रोमा सिंह नामक महिला को संलग्न अहाता लाइसेंस माह जुलाई 2025 को आबकारी विभाग सूरजपुर ने जारी किया,उक्त जारी हुए सीएस 2 देशी कम्पोजिट अहाता लाइसेंस की मार्च 2025 तक के अवधि की कुल प्रतिफल राशि 7 लाख 54 हजार रुपये निर्धारित हुई है,इस पर लाइसेंस धारक रोमा सिंह के रिश्तेदारों ने करीब डेढ़ माह तक शासकीय दुकान के पीछे बंद परिसर में संलग्न अहाता संचालन किया,बाद में किसी कारणवश काम को बंद कर सभी सामान को समेटकर वापस लौट गये,अब कुछ दिनों पश्चात से इसी अहाता लाइसेंस की आड़ लेकर सूरजपुर निवासी युवकों द्वारा स्थल बदलकर बाई पास मुख्य मार्ग से सटकर खुले में शराबखोरी कराई जा रही है,ऐसे में बंचरपारा- भातुपारा बाई पास पक्की सड़क से गुजरने वाले महिलाओं, बच्चियों समेत अन्य ग्रामीण लोगों को काफी तकलीफँ झेलनी पड़ रही हैं।इस पुरे मामले में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर एवं उपनिरीक्षक आबकारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।


अहाता में संचालित शराब दुकान।


खुले में शराब पीते लोग।

### सक्षम अधिकारी के अनुमति लिए बिना किया गया देशी कंपोजिट अहाता स्थल परिवर्तन

जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर द्वारा जारी किये गये सीएस 2 देशी कंपोजिट संलग्न अहाता लाइसेंस की कण्डीका 2 में उल्लेखित है कि अनुज्ञप्ति धारक,अनुज्ञापन अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी भी परिस्थिति में अनुज्ञप्त परिसर में परिवर्तन नहीं करेगा,लेकिन उक्त मामले में जिला आबकारी अधिकारी की लिखित अनुमति लिए बिना ही संलग्न अहाता को मुख्य मार्ग में शिफ्ट कर दिया गया है,अब बाई पास पक्की सड़क के ठीक बगल में कुर्सी टेबल में बैठे शराबीयों का जमावड़ा लगे रहने से आधा दर्जन से अधिक गाँवो के लोग चिंतित हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के बाई पास मुख्य मार्ग में अहाता संचालन हेतु नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है, किसी प्रकार के संचालन की कोई अनुमति नहीं ली गई है,इसके अलावा अहाता संचालन करने के लिए अभिकर्ताओं व नौकरों की नियुक्ति बिना जिला आबकारी अधिकारी के अनुमोदन के सूरजपुर निवासी युवकों द्वारा स्वयं से कर ली गई है,आबकारी आयुक्त के दिशा निर्देश अनुसार नौकरनामा अनुज्ञप्ति जारी होने के बाद विभागीय मंजूरी लिया जाना अनिवार्य है।

### नाराज ग्रामीण हुए लामबंद, राज्यपाल समेत मुख्य सचिव व आबकारी आयुक्त को भेजा शिकायत पत्र

नगर शिवनन्दनपुर के भातुपारा- बंचरपारा बस्ती समेत सतपता व कुंजनगर के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से सटकर खुले में संचालित हो रहे अवैध अहाते की शिकायत छतीसगढ़ राज्यपाल रमन डेका,मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन विकासशील गुप्ता,राज्य आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन,आबकारी सचिव सह आयुक्त आर. शंगीता समेत सूरजपुर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से करते हुए अवैध अहाता संचालन को अतिशीघ्र बंद कराने एवं इस षड्यंत्र में शामिल व्यक्तियों व अधिकारीयों के विरुद्ध न्याय उचित कार्यवाही करने की मांग की है,शिकायत पत्र में उल्लेखित है कि बाई पास पक्की सड़क नगर शिवनन्दनपुर को कुंजनगर,सतपता, हर्राटिकरा को जोड़ने वाली मुख्य सूत्रधार सड़क है, इसका उपयोग आधा दर्जन गाँवो की ग्रामीण महिलाएं,शिक्षिकाएं,छात्रायें एवं बच्चीयां करती हैं जो कि अब खुले में अहाता में हो रही शराबखोरी से अपने आपको असहज व असुरक्षित महसूस करने लगी हैं,कुछ शराबी युवकों द्वारा सड़क से गुजरने वाली छात्राओं को भद्दे व अपमाजनक कमेंट किये जाने की घटनाएं भी हो चुकी हैं।

### स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम के दावों की खुली पोल

संलग्न देशी कंपोजिट अहाता लाइसेंस में जारी गाइड लाइन की कण्डीका 6 (क) के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी ने लाइसेंस धारक को निर्देशित किया है कि पर्यावरण एवं साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए अहातों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय प्रतिषिद्ध रहेगा,लेकिन सूरजपुर निवासी युवकों के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के लाइसेंस का दुरूपयोग करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का पानी पाउच थैली,डिस्पोजल प्लास्टिक ग्लास व सिंगल यूज प्लास्टिक पानी बोतल का खुलेआम उपयोग एवं विक्रय दोनों ही कराया जा रहा है,इन सब के बावजूद जिले के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किये हुए हैं,गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अगुवाई ने जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान व जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कर शिवनन्दनपुर के अलग अलग जगहों पर सफाई कराये जाने की बात कही गई,लेकिन उक्त कार्यक्रम सिर्फ कागजों में सिमटता दिख रहा है,बंचरपारा -भातुपारा बाई पास सड़क में अहाता के आसपास खुले में डिस्पोजल प्लास्टिक की बोतलें,ग्लास व पानी पाउच प्लास्टिक थैली की गन्दगी का अम्बार खुले में फेंकाया हूआ दिखता है।

### आबकारी अधिनियम के तहत की जाएगी कार्रवाई

शासकीय शराब दुकान के परिसर से करीब 100 मीटर की दुरी तक अहाता का संचालन किया जा सकता है। अंबिकापुर निवासी लाइसेंस धारक महिला द्वारा सूरजपुर निवासी मोहन राजवाड़े के साथ पार्टनरशिप में अहाता का संचालन किया जा रहा है, अगर नियम अनुसार संचालन नहीं हूआ तो सम्बंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। अन्य प्रांतों के शराब की बिक्री व सेवन एवं महुआ देसी शराब को अहाता में परोसना प्रतिबंधित है। मौके पर ऐसा होना पाया गया तो आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**-अनिल मित्तल**, प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर

### आबकारी आयुक्त द्वारा जारी अहाता संचालन मापदण्डों का हो रहा उल्लंघन

देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहाता संचालन हेतु आवश्यक मापदण्ड एवं दिशा निर्देश आबकारी आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को पालन कराने हेतु जारी किये गये हैं,इसके अनुसार अहाता सम्बंधित मदिरा दूकान से संलग्न होगा,अहाते का उपभोग बंद परिसर-कवर्ड एरिया में कम से कम 150 वर्ग फ़ीट होगा, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अहाता का संचालन बंद परिसर में इस प्रकार किया जायेगा जिससे कि निकटवर्ती रहवासियों एवं जनसामान्य को कोई असुविधा न हो,अहाता का प्रवेश द्वार यथासंभव मुख्य मार्ग-आम रास्ता की ओर नहीं रहेगा,आबकारी आयुक्त द्वारा जारी किये गये इन मापदण्डों व दिशा निर्देशों का पालन कराने के बजाये सूरजपुर जिले के अधिकारी खुलेआम इसका उल्लंघन करने पर उतारू हैं,प्राप्त जानकारी अनुसार संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ एक आबकारी अधिकारी एवं एक उपनिरीक्षक रैंक के अधिकारी ने व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से आबकारी नियमों व अहाता नीति निर्देशों को ताक पर रखा हुआ है।

### संचालन की नहीं दी गई है अनुमति

बंचरपारा -भातुपारा बाई पास मुख्य मार्ग में अहाता संचालन हेतु किसी भी व्यक्ति को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है और संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। ग्रामीणों से शिकायत पत्र प्राप्त हूआ है। मामला आबकारी विभाग से जुड़ा हूआ है। कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा की जाएगी।

**-सुनील सिन्हा**
सीईओ नपं शिवनंदनपुर

## ग्राम मदनपुर में मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से डीजे संचालक के दो वाहन व जनरेटर जलकर खाक





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- करीब 15 लाख रुपए की क्षति का अनुमान, सीसीटीवी फूटेज की जांच कर रही पुलिस

ग्राम मदनपुर मंदिरपारा में रविवार की मध्यरात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के दो वाहन में अज्ञात कारणों से आग लगने से दोनों वाहनों के अलावा जनरेटर जलकर खाक हो चुका है।

गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर मंदिरपारा निवासी प्रार्थी 25 वर्षीय आशीष सिंह पिता सुबोध सिंह जो पेशे से डीजे साउंड सिस्टम संचालक हैं। ने बीती रात करीब साढ़े नौ बजे अपनी मारुति नेक्सा फ्रोंक्स कार क्रमांक सीजी 29 एएच 6265 को जनरेटर लोड अपने मिनी ट्रक सीजी 04 जेसी 0211 के सामने घर के बाहर खड़ी कर पार्क किया था। बीती रात करीब दो बजे जब आशीष सिंह के पिता सुबोध सिंह लघुशंका के लिए बाहर निकले। तो उन्होंने देखा कि कार और ट्रक दोनों से धुआं उठ रहा है। उन्होंने घबराकर शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और पड़ोसी मौके पर दौड़े,परिजन इस घटना के पीछे किसी साजिश की आशंका जता रहे हैं। इस आगजनी में कार, मिनी ट्रक और उसमें रखा जनरेटर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। प्रारंभिक अनुमान में करीब 14 से 15 लाख रुपए के नुकसान हो जाने की आशंका जताई जा रही है,डीजे संचालक आशीष सिंह ने बताया कि मिनी ट्रक का उपयोग विवाह, धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में होता था,जो दुर्गा पूजा के बाद से घर के बाहर खड़ा हूआ था,आग लगने के कारण पूरा कामकाज प्रभावित हो गया है,घटना के बाद प्रार्थी ने कुछ संदिग्ध लोगों पर संदेह जताया है,जिनसे हाल ही में विवाद होने की बात सामने आई है,पुलिस ने प्रार्थी के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले को संदेहास्पद आगजनी के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मामले में जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है,यह शॉर्ट सर्किट था या फिर किसी ने जानबूझकर आग लगाई,यह जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा,पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की भी जांच कर रही है।

## छठ महापर्व पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



छठ महापर्व पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, शायर-ए-शहर यादव विकास, एसपी जायसवाल, रामलाल विश्वकर्मा और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

प्रारंभ में एसपी जायसवाल और बीडी लाल रचित सरगुजिहा रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अर्चना पाठक ने दी। ब्रह्माशंकर सिंह ने छठ महापर्व के पौराणिक और वैज्ञानिक संदर्भों में कहा कि सूर्य और छठ माता का संबंध भाई-बहन का है। मूल प्रकृति के छठवें अंश से उत्पन्न होने के कारण इनको षष्ठी के नाम से जानते है। वह कार्तिकेय की माता भी है। इन्हे देवसेना और मां कात्यायनी के रूप में भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान सूर्य ने षष्ठी की पहली पूजा की थी। वैज्ञानिक दृष्टि से षष्ठी के दिन विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है जब सूर्य की पैराबैंगनी किरणें असामान्य रूप से एकत्रित होती है। इनके कुप्रभावों से बचने के लिए उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रत किया जाता है। भगवान राम ने भी सूर्य-पूजा की थी। सूर्य पुत्र कर्ण ने भी प्रतिदिन घंटों कमर तक जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया था। आज भी सूर्य को अर्घ्य देने की यही पद्धति प्रचलित है। एसजी जायसवाल ने कहा कि छठ पर्व में व्रती का साथ उसके परिजन भी देते है। चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती अपना व्रत तोड़ते है और प्रसाद बांटते है। पं.सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति से आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर वापस उसी को अर्पित करना छठ में ही दिखाई देता है। इस पर्व से लोगों में आपसी प्रेम, भाईचारा और प्रकृति के प्रति भी सेवा, समर्पण, त्याग और उसकी सुरक्षा का भाव भी पैदा होता है। काव्यगोष्ठी में श्यामबिहारी पाण्डेय ने नदी तीर तालाब पर, छठ मैया की धूम, अर्चना पाठक ने हमनी के मिले तोरी छईया हे छठी मईया, पूनम दुबे वीणा ने कईले बानी घर के बरतियां छठी मईया, आशा पाण्डेय ने पूरी करी छठी मईया हमरो सपनवा, नीलिमा जायसवाल ने छठी मैया आती है कार्तिक मास में, संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने छठ व्रतियों की कामना करें दिनेश, रामलाल विश्वकर्मा ने जैसे कोई पिपासु आकुल, शिरीन खान ने जिंदगी एक सराब है शायद, अजय सागर ने जो भूल गए मुझको, चंद्रभूषण मिश्र ने उनकी वफा और मेरी बेवफाई पर मैं इतराता ही रहा, शायर-ए-शहर यादव विकास ने बंजारा दिल से प्यार किसी ने किया नहीं रचना सुनाई। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद और मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

## सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों का ऑडिशन राउंड आज से

- 2 नवम्बर को होगा फाइनल मुकाबला

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान कराए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों का ऑडिशन राउंड 28 अक्टूबर से शुरू होगा। ऑडिशन राउण्ड के पश्चात फाइनल में जगह बनाने वाले प्रतिभागियों का भव्य फाइनल मुकाबला 2 नम्बर को होगा। गौरतलब है कि शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर मणिपुर, दर्रीपारा में अनोखी सोच संस्था द्वारा कई प्रतियोगिता का आयोजन प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही कई आयोजन शुरू हुआ। रंगोली, मेहंदी, रस्साकशी सहित अन्य प्रतियोगिता संपन्न हुआ। वहीं 28 अक्टूबर से सिनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ऑडिशन राउंड शुरू होगा। 28 अक्टूबर को जूनियर सिंगल डांस, 29 अक्टूबर को ग्रुप डांस, 30 अक्टूबर को सीनियर सिंगल डांस होगा जबकि 31 अक्टूबर को ग्रुप डांस का पहला सेमी फाइनल, 1 नवम्बर को जुनियर, सिनियर सिंगल डांस का सेमी फाइनल और 2 नवम्बर को सेमी फाइनल विजेता के बीच फाइनल मुकाबला होगा। संस्था द्वारा विजेताओं के लिए आकर्षक इनाम रखा गया है, जिसमें जुनियर सिंगल डांस के प्रथम पुरस्कार 55 इंच टीवी, द्वितीय एंड्राइड टेबलेट व तृतीय पुरस्कार स्पोर्ट्स साइकिल, ग्रुप डांस में प्रथम 2 लाख 51 हजार, द्वितीय 75 हजार, तृतीय 51 हजार, सीनियर सिंगल डांस में प्रथम 1 लाख, द्वितीय 51 हजार, तृतीय 21 हजार रखा गया है। डांस प्रतियोगिता में शहर के अलावा अन्य जिलों और प्रदेश के प्रतिभागी शामिल होंगे।

## धान खरीदी शुरू होने से पहले सक्रिय हुए कोचिए



- दो पिकअप से 150 बोरी अवैध धान जब्त

**अंबिकापुर।** अभी धान खरीदी प्रारंभ होने में काफी समय शेष है लेकिन अभी से ही कोचिए सक्रिय हो गए है और बाहर से अवैध तरीके से धान का परिवहन करना शुरू कर दिया है। कोचियों की सक्रियता को देखते हुए प्रशासन की टीम भी मुस्तैद हो गई है तथा कोचियों पर नजर रख रही है। इस बीच प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखंड वाड्रफनगर के अंतर्गत रघुनाथनगर एवं मुरकौल से अवैध तरीके से धान परिवहन करते दो पिकअप को पकड़ने के साथ ही 150 बोरी धान जब्त किया है।

धान खरीदी के सीजन में बलरामपुर जिले में यूपी, बिहार से अवैध धान खपाने का काम जोर शोर से चलता है। खरीदी शुरू होने के बाद कार्रवाई से बचने के लिए कोचिए अब खरीदी शुरू होने के पहले ही धान का दूसरे राज्यों से लाकर भंडारण कर रहे है। ऐसे अवैध धान की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस बीच एसडीएम वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रघुनाथनगर में अवैध धान परिवहन करते एक पिकअप को जब्त किया गया है पिकअप में लगभग 70 बोरी धान लोड किया गया था। जांच करने पर चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार ग्राम मुरकौल में भी एक पिकअप वाहन में लगभग 80 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक द्वारा उक्त धान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री कटारा ने शासन की मंशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।



## गंगापुर तुलसी चौक के पास भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**अम्बिकापुर।** शहर के गंगापुर तुलसी चौक के पास कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अम्बिकापुर में प्लास्टिक कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए अपनाई गई अभिनव पहल की प्रशंसा की है। मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अम्बिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित गार्बेज कैफे स्वच्छता और सेवा का अनोखा संगम है, जहां लोग प्लास्टिक कचरा देकर बदले में भरपेट भोजन या नाश्ता प्राप्त करते है। इस पहल के तहत यदि कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक कचरा जमा करता है, तो उसे दोपहर या रात का भोजन मिलेगा, वहीं आधा किलो कचरे पर नाश्ता प्रदान किया जाता है। यह कदम न केवल शहर को स्वच्छ बनाने में मदद करता है बल्कि सामाजिक जागरूकता और सहयोग का भी प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री के मन की बात में अम्बिकापुर नगर निगम की इस पहल का उल्लेख होने से सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में उत्साह की लहर है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को देश के साथ साझा किया था। इस दौरान नगर मंडल मंत्री शैलेंद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, अभिषेक सिंहदेव, रविंद्र तिवारी, शैलेंद्र चौबे, प्रिंस तिवारी, संतन सोनी, दीक्षित यादव, मनेन्द्र पासवान, उमेश पटेल, संतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



# 'कांतारा चैप्टर-1' का कलेक्शन पहुंचा 800 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' पिछले 25 दिनों से सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर कब्जा जमाए हुए है। पिछले हफ्तों में फिल्म की कमाई में किसी तरह की कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इसी के साथ फिल्म ने लगातार कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों के भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। लेकिन अब ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म ने इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी 'छावा' का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 'कांतारा चैप्टर-1' की कमाई का आंकड़ा अब 800 करोड़ के पार पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1'ने 25वें दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## लाइफ Style



# सोनल
## 'मिर्जापुरः द फिल्म' में एंट्री

'जन्नत' फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री 'मिर्जापुर: द फिल्म' में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


सोनल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं। इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको 'मिर्जापुर' की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म' में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।" सोनल ने कैप्शन में लिखा, यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# बुगोनिया के प्रीमियर में बिखेरा जलवा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता एमा स्टोन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'बुगोनिया' के न्यूयॉर्क प्रीमियर में शिरकत की, जहां उनका स्टाइल और लुक चर्चा का विषय बना रहा। अब इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। यह प्रीमियर न्यूयॉर्क सिटी के म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में होस्ट किया गया, जहां एमा स्टोन अपने को-स्टार्स जेसी प्लेमन्स, एलिसिया सिल्वरस्टोन और लिली शीन के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं।



# जो जोनस ने तलाक पर तोड़ी चुप्पी...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिंगर जो जोनस ने आखिरकार तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। वो और उनकी वाइफ सोफी टर्नर का रिश्ता टूट चुका है। जो जोनस ने कहा, 'तलाक मुश्किल होता है। ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। लोग बहुत जल्दी अनुमान लगा लेते हैं। जो ने आगे कहा, 'लोग बहुत सी परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और यह फैक्ट कि मैं परफॉर्म करने जा सकता हूं और लोगों को कुछ महसूस करा सकता हूं और शायद उनका ध्यान उन परिस्थितियों से हटा सकता हूं जिनसे वे गुजर रहे हैं, या उनके तलाक से, दो घंटे के लिए जब वे एक म्यूजिक कॉन्सर्ट देखने आते हैं, इससे मुझे बहुत उद्देश्य मिला।' सिंगर ने खुलासा किया कि वो अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी को-पैरेंट सोफी के साथ रिश्ता भी बना सकते हैं।



# 7 को स्ट्रीम होगी हुमा की महारानी-4

**मुंबई।** महारानी' सबसे लोकप्रिय राजनीतिक ड्रामा सीरीज में से एक है, जिसमें हुमा कुरैशी रानी भारती की भूमिका में फिर से धमाका करने वाली है। तीन सीजन की लोकप्रियता और सफलता के बाद यह सीरीज अपने चौथे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। 'महारानी 4' की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और 9 अक्टूबर को निर्माताओं ने इसके ओटीटी प्रीमियर की तारीख के साथ ट्रेलर भी जारी कर दिया था। यह सीरीज 7 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक्स पर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की रक्षा के लिए लौटी! रानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार। #महारानी4 7 नवंबर से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग।'



# 'मस्ती-4' का पोस्टर आउट आज ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'मस्ती' की वापसी को लेकर दर्शकों में उत्साह चरम पर है। विशेष रूप से जैसे ही 28 अक्टूबर रिलीज होने जा रही 'मस्ती 4' की ट्रेलर रिलीज की डेट सामने आई है, दर्शक और ज़्यादा उत्साहित हो गए हैं और इसी उत्साह को देखते हुए वेवबाउंड प्रोडक्शन ने कलरफुल और एनर्जी से भरपूर एनसेंबल पोस्टर रिलीज कर उनके उत्साह को और भी हाई कर दिया है। यह पोस्टर फिल्म के मस्त, मज़ेदार और ओवर-द-टॉप अंदाज़ को पूरी तरह दर्शाता है। मिलाप मिलन ज़वेरी की ओर से लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' में वापसी कर रही है, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की वही आइकॉनिक तिकड़ी, जो दोबारा अमर, मीत और प्रेम के अपने पॉपुलर किरदारों में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# जय भानुशाली और माही विज ने दी तलाक की अर्जी

**मुंबई।** टीवी के पावर कपल कहे जाने वाले एक्टर जय भानुशाली और माही विज एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक बार फिर से जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरें आने लगी हैं। खबर है कि जय भानुशाली और माही विज अब अपने 14 साल पुराने शादी के रिश्ते को तोड़ना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक इनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर है कि इन दोनों एक्टर्स ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। बताया जा रहा है कि जय भानुशाली और माही विज शादी के 14 साल बाद अलग होने के लिए कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और माही ने इसी साल जुलाई-अगस्त महीने में अपने तलाक के पेपर्स पर साइन कर दिए थे। इसके अलावा, दोनों काफी टाइम से अलग-अलग रह रहे हैं। तलाक के साथ-साथ बच्चों की कस्टडी को लेकर भी फैसला हो चुका है। बता दें कि जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी।



# छठ पर पवन सिंह के गाने ने मचाया तहलका, 2 दिन में व्यूज मिलियन्स के पार

*छठ का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है, बिहार में इस पर्व का खास महत्व रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री हर साल कई गाने छठ पर्व के मौके पर रिलीज करती है। पवन सिंह ने छठ के मौके पर व्यस्त होने के बावजूद कई गाने बनाए हैं।*

**मुंबई।** हाल ही में आपने 'घाट चलले मोदी नीतीश' सुना और अब उनका एक और गाना यूट्यूब के ट्रेंडिंग लिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुए पवन सिंह और प्रियंका सिंह के गाने- 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' को खूब सुना जा रहा है।

गाना यूट्यूब के म्यूजिक कैटेगरी में नंबर 1 पर ट्रेंड हो रहा है। गाने को दो दिन में 3.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह ने भी गाया है। गाने के लिरिक्स अरुण बिहारी ने लिखे हैं। म्यूजिक दिया है प्रियांशु सिंह ने। गाने में पवन सिंह के साथ अभिनेत्री वंदना यादव नजर आ रही हैं। गाने को गोल्डी जायसवाल ने डायरेक्ट किया है। वहीं कोरियोग्राफ किया है सनी सोनकर ने।



# खूबसूरती ने चुराया सबका ध्यान

**मुंबई** । कभी-कभी कोई रेड कार्पेट लम्हा सिर्फ़ फैशन तक सीमित नहीं रहता वो बन जाता है एक अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और शांत शक्ति का प्रतीक। ऐसा ही कुछ हुआ जब कशिका कपूर 'पिच टू गेट रिच' की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं, जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल संसेशन बन गया। फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। अब वायरल हो चुके वीडियो में कशिका अपने सिग्नेचर स्टाइल में रेड कार्पेट पर चलती नजर आती हैं वो भी आत्मविश्वास से भरी हुई, लेकिन बिना किसी दिखावे के। न कोई ओवर-ड्रामैटिक अंदाज़, न कोई बनावट, बस एक शांत आभा, जो बिना कोशिश के ही सबका ध्यान खींच लेती है। इंटरनेट जहां उनके पेस्टल मिंट आउटफिट की तारीफ़ कर रहा था, वहीं यह साफ़ दिख रहा था कि बात सिर्फ़ कपड़ों की नहीं थी बल्कि उनकी मौजूदगी की थी। कशिका ने खुद को उस शख्सियत के रूप में पेश किया, जो जानती हैं कि वो कौन हैं और कहां जा रही हैं।



# काम को घंटों के हिसाब से नहीं देखतीं रश्मिका



**मुंबई।** फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इसके अलावा वो जल्द ही 'द गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग कर रही हैं। 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## 1961 में बनी फिल्म 'भैया' में छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी थी

# छठ पूजा पर 65 साल पहले बनी थी पहली फिल्म, पूरे देश ने जाना पर्व का महत्व

*मुंबई। लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर देश में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। देश छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं जो 60 साल पहले, छठ पूजा को बड़े पर्दे पर लेकर आई थी। उस दौर में हिंदी फिल्मों में लोक आस्था और क्षेत्रीय पर्वों को बहुत कम दिखाया जाता था। मगर 1961 में बनी फिल्म 'भैया' ने इस परंपरा को तोड़ा और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह महिलाएं सूर्य भगवान की उपासना करती हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं। यह पहली बार था जब दर्शकों ने सिनेमा में छठ घाट, पूजा गीत और लोक परंपरा को असली रूप में देखा था।*

### फिल्म ने दिए कई पॉपुलर गीत

फिल्म के जरिए यह संदेश दिया गया कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। फिल्म 'भैया' ने न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी सुनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को हमेशा के लिए दर्ज कर दिया। इसीलिए इसे छठ पूजा को पहली बार परदे पर दिखाने वाली फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म के बाद कई फिल्मों और टीवी सीरियलों ने छठ पूजा को अपनी कहानी में शामिल किया। 'भैया' को बिहार-उत्तर प्रदेश के रीजनल लैंग्वेज सिनेमा में महत्वपूर्ण फिल्म माना जाता है। 'लगल करेजवा में', 'पूरब पच्छिमवा से अइलें सोन दुलहा' और 'भंवरवा रहे गूंजराय' जैसे कई पॉपुलर गाने तो इस फिल्म ने दिए ही।



### मंगल गीतों की ध्वनि से बदल जाता है वातावरण

सूर्य की उपासना का पावन पर्व'छठ'अपने धार्मिक, पारंपरिक और लोक महत्व के साथ ही लोकगीतों की वजह से भी जाना जाता है। घाटों पर'छठी मैया की जय, जल्दी जल्दी उगी हे सूरज देव..','कईली बरतिया तोहार हे छठी मैया..''दर्शन दीहीं हे आदित देव..','कौन दिन उगी छई हे दीनानाथ..'जैसे गीत सुनाई पड़ते हैं। मंगल गीतों की ध्वनि से वातावरण श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हो उठता है। इन गीतों की पारम्परिक धुन इतनी मधुर है की जिसे भोजपुरी बोली समझ में न भी आती हो तो भी गीत सुंदर लगता है।

### हर घर में सुनाई देते हैं छठ के गीत

छठ गीतों के बिना मानो पर्व में रंग ही नहीं आता है। जिन घरों में छठ पर्व का आयोजन किया गया उन घरों से तो गीतों की आवाज आ ही रही है इसके अलावा, जिस रास्ते से गुजरें आपको विभिन्न लोक गायकों की आवाज से सजे ऐसे गीत सुनने को मिल जाएंगे। इन गानों का संयोजन और संकलन छठ महापर्व के लिए ही किया जाता है। छठ गीतों से जुड़ी एक रोचक बात ये है कि ये एक ही लय में गाए जाते हैं ।'छठ पूजा'के लोकगीतों की चर्चा होते ही सबसे पहले दिवंतत शारदा सिन्हा का नाम जेहन में आता है। ऐसे कई गीत हैं, जिन्हें शारदा सिन्हा ने अपनी अपनी मधुर आवाज देकर अमर कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### जू-जित्सु राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड व रजत

**कोरबा।** डोंगरगढ़ स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित जू-जित्सु राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिनमें देवराज गोगोई ने वाज़ा वर्ग में स्वर्ण पदक तथा फाइटिंग वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नयन साहू ने फाइटिंग वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो कि 19 से 23 दिसंबर तक आईजीआई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ी लेवल अप एमएमए अकादमी निहारिका, बालको एवं सिटी सेंटर मॉल से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे,स्नेहा बंजारे और देवाशीष कश्यप के मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यासरत हैं।

### आदर्शनगर कुसमुंडा में साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा के आदर्श नगर इंदिरा स्टेडियम में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली का आयोजन एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा किया गया। क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार एवं प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। स्कूल परिसर से लेकर निर्धारित मार्ग तक निश्चित दूरी को तय करते हुए न केवल अपने शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत कई वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य पालिका श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो थे। वार्ड क्रमांक 13 कटाईनार के शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल में सायकल स्टैंड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 गजरा में जुगल घर से मनोज साहु घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### उगते सूर्य को अर्घ्य ...

**कई स्थानों पर लगाया गया बैरियर**-सूर्य उपासना के इस महापर्व को लेकर शहर के राम मंदिर छठ घाट को लेकर शहर के मुख्य चौराहे, कोरिया कुमार चौक, महलपारा चौक, भवानी तिगड्डा के समीप, बिजली विभाग कार्यालय के समीप छठ पर्व को लेकर शहर में वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई, ताकि कोई वाहन अंदर प्रवेश न करें। सभी बैरियर में वाहनों को रोकने के लिए जवानों की तैनाती की गई। नो इंट्री लगा देने से लोग श्रद्धालु सहित आम लोगों को छठ महापर्व में शामिल होने काफी राहत रही। लोग आराम से पैदल आवागमन किए।

**छठ महापर्व की कुछ खास बातें-**
दोहरा मांग सिंदूर लगाती हैं महिलाएं-
ऐसी मान्यता है कि छठ पर्व पर सुहागिन महिलाएं दोहरा मांग सिंदूर लगाती हैं। छठ व्रत करने वाली महिलाएं अमर सुहाग के वरदान के लिए अन्य दिनों से अलग नाक से लेकर मांग तक सिंदूर भरती है।

समक्ष:- श्रीमान् नोटरी महोदय बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)
शपथ पत्र
मैं श्रीमती बलजीत पति स्व. श्री कृष्ण कुमार कुर्रे आयु 57 वर्ष निवासी भट्ठीपारा बैकुण्ठपुर थाना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. की निवासी हूं जो निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूं:-
01/- यह कि मै मकान नं. 93 खरीदने की इच्छुक हूं जो कि एम.एल.ए. कॉलोनी में स्थित है जिसका ख.न.- 243/3 है। जिसे मॉ वैष्णो एसोसिएड प्राईवेट लि.मि. के द्वारा निर्मित किया गया है जो वि.ख. बैकुण्ठपुर तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. में स्थित है।
02/- यह कि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त सम्पत्ति पर कोई दावा, आपत्ति या स्वत्व संबंधि अधिकार है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के तारिख से 7 दिनों के भीतर अपने दावे दस्तावेजो सहित आपत्ति दर्ज करें। निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त ना होने की स्थिति में यह सम्पत्ति मकान नं. 93 क्रय कर लिया जावेगा।
हस्ता. शपथकर्ता
सत्यापन
मैं श्रीमती बलजीत पति स्व. श्री कृष्ण कुमार कुर्रे सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लगायत 02 तक की कथन मेरे स्वत: की जानकारी से सत्य व सही है। आज दिनांक 28.10.2025 को स्थान बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
हस्ता. शपथकर्ता

### जिले में कुल 2 लाख 7 हजार 323 उपभोक्ताओं के घरों में लगना है स्मार्ट मीटर

# आपूर्ति का बना हुआ है टोटा, डेढ़ साल में आधे उपभोक्ताओं के घरों में ही लग सका स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है जिसके लिए जिले में लगभग डेढ़ साल से मीटर लगाने का काम चल रहा है लेकिन समय पर पर्याप्त मीटर नहीं मिल पाने व ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध की वजह से मीटर लगाने की रफ्तार में तेजी नहीं आ पा रही है। इससे विद्युत विभाग के अधिकारियों का टेंशन बढ़ता जा रहा है। दो साल का डेड लाइन अप्रैल में खत्म होने वाला है। ऐसे में तय समय के भीतर काम पूरा हो पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। जिले में अब तक आधे उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट मीटर नहीं लग पाया है।

**खास बात**

- शहर के तीनों जोन में सबसे अधिक 38 हजार 829 उपभोक्ताओं के घरों में लग पाया है मीटर

उल्लेखनीय है कि बढ़ती बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है। स्मार्ट मीटर लगाने की दिशा पर ठेका कंपनी द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। जिले में लगभग 85 हजार 721 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। सबसे अधिक अब तक शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार, तुलसीनगर जोन के अंतर्गत आने वाले 72 हजार 180 उपभोक्ता में से मात्र 38 हजार 829 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम दिया गया है जिले में कुल 2 लाख 7 हजार 323 उपभोक्ता में से 85 हजार 721 उपभोक्ताओं के घरों में ही अब तक स्मार्ट मीटर लग पाया है। सवा लाख से भी अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर नहीं पहुंच पाया है जबकि अप्रेल का महीना समाप्त होने में मात्र 6 महीना ही बचा है ऐसे में तय समय के भीतर मीटर लग पाना संभव नहीं है।


फाइल फोटो

**40 फीसदी उपभोक्ताओं के घर में लग पाया है मीटर**

शहर के तीनों जोन में मात्र 40 फीसदी उपभोक्ताओं के घरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाया है। ठेका कंपनी को मीटर लगाने की रफ्तार को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। अप्रैल 2025 में कंपनी का टाइमलाइन पूरा हो रहा है।
**-रौशन लाल वर्मा,** डीई, शहर कोरबा

### कहां कितना लगा मीटर

| जोन | उपभोक्ता | इंस्टॉल हुआ |
|---|---|---|
| चैतमा | 9925 | 3628 |
| दर्री ग्रामीण | 4231 | 364 |
| पोड़ी | 4595 | 02 |
| पसान | 7049 | 274 |
| कोरबी | 7470 | 2198 |
| हसदेव बांगो | 8085 | 2723 |
| जेई डीसी छुरी | 6228 | 491 |
| कटघोरा ग्रामीण | 10696 | 8230 |
| कटघोरा शहरी | 7374 | 2708 |
| पाली | 8245 | 4822 |
| दर्री | 21214 | 12917 |
| पाड़ीमार | 28540 | 15493 |
| तुलसीनगर | 22426 | 10419 |
| बरपाली | 8007 | 2608 |
| भैसमा | 14425 | 4278 |
| दीपका | 2793 | 5813 |
| रामपुर | 3955 | 02 |
| सोहागपुर | 7652 | 02 |
| हरदीबाजार | 8476 | 2565 |
| जेई डीसी भिलाईबाजार | 8224 | 3006 |
| करतला | 7713 | 3178 |
| कुल | 207323 | 85721 |

### क्या होता है स्मार्ट प्रीपेड मीटर

स्मार्ट प्रीपेड मीटर से यह होगा कि उपभोक्ता जितने रुपये का रिचार्ज करवाएंगे, उतनी ही बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। ये मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे। घरों में इस मीटर के लगाए जाने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से जुड़े कार्य नहीं किए जा सकेंगे। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करने का प्रयास भी करेगा तो मीटर से सीधे इससे संबंधित मेसेज विभाग के कंट्रोल रूम को मिल जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर से उपभोक्ता बिजली का लाभ ठीक वैसे ही उठाएंगे, जैसे मोबाइल रिचार्ज कराकर बातचीत करने या इंटरनेट सेवा का लाभ उठाते हैं। ये मीटर उपभोक्ताओं के सीधे मोबाइल से जुड़ा होगा। उपभोक्ता को प्रतिदिन इसकी जानकारी होती रहेगी कि वह कितने यूनिट व कितने रुपये की बिजली इस्तेमाल कर चुके हैं।

# नोनबिर्रा डेम में बैठकर चल रहा था नशे का खेल, चार गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

नशीली टेबलेट का अवैध कारोबार करने वाले चार युवकों ने पुलिस ने रंगेहाथों धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लगभग 998 नग नशीली टेबलेट का जखीरा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- करतला पुलिस ने मारा था छापा, 998 नग नशीली टेबलेट जब्त
- टेबलेट बेचते हुए चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग नोनबिर्रा डेम के पास डेम जाने वाली कच्ची मार्ग पर एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीआर 0660 हीरो ग्रे कलर खड़ा कर अवैध नशीली टेबलेट को बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां पुलिस ने नोनबिर्रा निवासी साहिल उर्फ बॉबी उम्र 20 वर्ष पिता जुम्मन खान, ग्राम सिलयारीभांठा निवासी राजू चौहान उम्र 38 वर्ष पिता समार सिंह चौहान, ग्राम गिरारी निवासी इकबाल अली उम्र 38 वर्ष पिता अकबर अली, ग्राम नोनबिर्रा निवासी सिराज खान उम्र 22 वर्ष पिता हुसैन खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लगभग 998 नग नशीली टेबलेट का जखीरा बरामद किया गया है।

## पास्टर व उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज


**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढ़ी निवासी युवराज सिंह कुर्रे उम्र 25 वर्ष पिता राजेन्द्र कुमार कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में नर्मदा प्रसाद यादव जो स्वयं को पास्टर बताता है आया। नर्मदा ने युवराज सिंह के घर में प्रवेश करते हुए कहा कि तुम्हारे घर की बीमारी कर्जा और सारी तकलीफें इसलिए हैं क्योंकि तुम्हारे घर में शैतान का वास है। नर्मदा ने युवराज के घर में रखे देवी-देवताओं के फोटो देखकर उन्हें हटाने की बात कही और कहा कि यदि इन्हें नहीं हटाओगे तो घर में और ज्यादा परेशानी बढ़ेगी। इसके साथ ही नर्मदा ने युवराज को अपने धर्म को न मानकर इसाई धर्म अपनाने के लिए कहा और कहा कि ऐसा करने से उसके परिवार की सारी समस्या दूर हो जाएगी। 26 अक्टूबर को नर्मदा की पत्नी गनेशी यादव के द्वारा अपने घर में प्रार्थना सभा का आयोजन कर बाहर से व्यक्ति बुलाकर धर्मांतरण कर हिन्दु देवी देवताओं को गाली गलौच कर रहे थे जिससे युवराज सिंह कुर्रे की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा यह कृत्य स्पष्ट रूप से धर्म परिवर्तन हेतु प्रलोभन एवं धार्मिक भ्रम फैलाने की श्रेणी में आता है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने नर्मदा प्रसाद यादव (पास्टर) एवं उसकी पत्नी गनेशी यादव के विरुद्ध धर्मांतरण अधिनियम एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 299, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा**

# आवारा सांड का आतंक, स्कूली छात्र पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में श्वान एवं सांड का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। सांड और श्वान के द्वारा राह चलते लोगों पर अचानक हमला कर दिया जाता है। कभी भी स्थिति भयावह हो जाती है। सांड के हमले से कई लोगों की जान तक चली जाती है। इसी तरह का एक मामला निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 अमरैयापारा में सामने आया है, जहां एक 12 वर्षीय छात्र पर सांड ने हमला कर दिया। पीड़ित छात्र का नाम अक्षय कुमार श्रीवास बताया गया है, जो कक्षा सातवीं का छात्र है।



जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला था। रास्ते में अचानक एक सांड ने उस पर हमला कर दिया। सांड ने छात्र को अपने सींगों से उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान छात्र की चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्चे को सांड के चंगुल से बचाया। घायल अक्षय कुमार को तुरंत स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

# सतर्कता जागरुकता सप्ताह पर विविध आयोजन






हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

केन्द्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार देशभर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने कलेक्ट्रेट परिसर में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, उपक्रमों एवं संस्थानों में भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शपथ दिलाया गया। सप्ताह का उद्देश्य शासन-प्रशासन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को सुदृढ़ करना है। 28 अक्टूबर को सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का वाचन कर शपथ लिया। प्रतिज्ञा में यह संकल्प लिया गया कि वे अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में ईमानदारी, निष्पक्षता तथा कानून के नियमों का पालन करेंगे और न तो रिश्वत देंगे, न ही लेंगे।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, पिता घायल

**अम्बिकापुर।** सीतापुर मंगारी के समीप स्कूटी सवार पिता पुत्री को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई युवती की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायर राई निवासी राजमोनिया टोप्पो आ.ख्रीस्तोफर टोप्पो (20 वर्ष) 2 अक्टूबर को पिता के साथ मौसा मौसी से मिलने मैनपाट स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 8775 से गए थे। इसी बीच शाम 4.30 बजे अज्ञात लोगों ने फोन कर बताया कि सीतापुर मंगारी के समीप राजमोनिया का अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा दोनों गंभीर रूप से घायल पड़े थे।



# वैश्य समाज ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर

कोतमा निवासी समाजसेवी एवं व्यवसायी मनमोहन ताम्रकार पर हुए प्राणघातक हमले के विरोध में सोमवार को वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने आरोपियों पर शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की मांग की।

जिला अध्यक्ष हरिओम ताम्रकार एवं प्रदेश मंत्री मुकेश जैन के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि 24 अक्टूबर को दीप शुक्ला एवं उसके साथियों ने योजनाबद्ध तरीके से मनमोहन ताम्रकार पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अन्य की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि एक सम्मानित व्यापारी एवं समाजसेवी पर खुलेआम हमला होना कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। यदि अपराधियों को शीघ्र दंडित नहीं किया गया तो समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण बन सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन करने पर विवश होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिओम ताम्रकार, प्रदेश मंत्री मुकेश जैन, राकेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, रोहित ताम्रकार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 86 टीडीएस के साथ कनहर का पानी गंगा के समान

हरिभूमि न्यूज ⏩ रामानुजगंज

रामानुजगंज में बहने वाली जीवनदायिनी कनहर नदी इस बार भी छठ पर्व की आस्था का मुख्य केंद्र बनी हुई है। आज हजारों श्रद्धालुओं ने इसी नदी के तट पर पहुंचकर सूर्य उपासना के इस महापर्व का अर्घ्य अर्पित किया। एक ओर पूरे देश में नदियों और जल स्रोतों के टीडीएस स्तर अधिक होने को लेकर चिंता जताई जा रही है, वहीं कनहर नदी इस दृष्टि से एक मिसाल बनकर उभरी है। परीक्षण में कनहर नदी के जल का टीडीएस स्तर केवल 86 पाया गया है,जो पूर्ण रूप से शुद्ध और पीने योग्य श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि 300 से कम टीडीएस वाले जल को अत्यंत स्वच्छ और स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना जाता है। ऐसे में कनहर नदी का 86 टीडीएस इसे देश की सबसे शुद्ध नदियों में शामिल करता है। यही कारण है कि यह नदी क्षेत्र के लोगों के जीवन का आधार मानी जाती है। कनहर नदी का पानी न केवल शुद्ध है, बल्कि इसका स्वाद भी विशिष्ट और मीठा माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी के जल में एक प्राकृतिक मिठास और ठंडक बनी रहती है जो किसी अन्य स्रोत में नहीं मिलती।



# चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏩ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनों से मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**बढ़ी किसानों की चिंता**

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र अब शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विज्ञानी मंगलवार को शक्तिशाली चक्रवाती तूफान के बदलने एवं शाम को आंध्रप्रदेश के मछली पट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा तट से टकराने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार चक्रवाती तूफान का विशेष प्रभाव दक्षिण छत्तीसगढ़ में पड़ेगा लेकिन उत्तर छत्तीसगढ़ का हिस्सा इससे पूरी तरह अछूता नहीं रहेगा। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के प्रभाव से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में तेज हवाएं चलने के साथ ही अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम एवं कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इधर खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद से ही शहर सहित पूरे संभागभर में बादल छाए हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा होने की भी सूचना है। पिछले तीन दिनों से आसमान पर बादल छाने एवं वर्षा होने की सूचना पर किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान की फसल पककर तैयार हो गई है तथा किसान तेजी से फसल की कटाई कर रहे हैं। अधिकांश कटी फसल को किसानों ने सूखने के लिए खेतों में ही छोड़ दिया है। ऐसे में बारिश होने पर फसल के भींगकर खराब होने के डर से किसान काफी चिंतित हैं। अभी फसल खेतों में पड़ी है।

### दो घंटे हुई झमाझम बारिश

**बिहारपुर।** सोमवार को क्षेत्र में झमाझम वर्षा हुई। बारिश से खेतों में काटकर रखी गई धान की फसल भींग गई है। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले तीन दिनों से आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही बूंदाबादी हो रही थी। सोमवार को दिन में धूप निकली लेकिन अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही झमाझम वर्षा होने लगी। बीच-बीच में वर्षा की रफ्तार धीमी हो जा रही थी। शाम 5 बजे वर्षा बंद हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार को सूर्यषष्ठी का पर्व होने के कारण श्रद्धालु छठ घाट जाने के लिए लम्बे समय तक बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे। बारिश होने के बाद श्रद्धालु काफी विलंब से छठ घाट के लिए अपने घर से निकले। बारिश होने के कारण कच्चे मार्ग से आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।



### मृत किसानों का फर्जी हस्ताक्षर कर खाद की बिक्री, पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरसिया निवासी ठंडीलाल बिंझवार उम्र 48 वर्ष पिता शुकलाल ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ठंडीलाल बिंझवार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा में प्राधिकृत अधिकारी के पद पर पदस्थ है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा में कुल 4 कर्मचारी कार्यरत हैं जिसमें महेन्द्र शर्मा प्रभारी प्रबंधक एवं डाटा ऑपरेटर के दोनो पद पर इसके अलावा विक्रेता पवनसाय यादव, भगत सिंह राज, सूरज कुमार यादव कार्यरत हैं। जो समस्त कृषक मोरगा समिति एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोरगा के प्रभारी प्रबंधक महेन्द्र शर्मा के विरुद्ध खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान खाद वितरण में गड़बड़ी एवं अनियमितता करने संबंधी शिकायत किया गया था।

